SBI
The banker to every Indian

प्रिय वरिष्ठ साथियों,

"आपको और आपके परिवार को स्टेट बैंक दिवस की शुभकामनाएं"

स्टेट बैंक दिवस के अवसर पर भारतीय स्टेट बैंक की ओर से मैं अपने सेवानिवृत्त कर्मचारियों को हार्दिक बधाई देता हूँ तथा उनके प्रति हार्दिक आभार व्यक्त करना चाहता हूँ, जिन्होंने बैंक की सेवा के लिए अपने जीवन के मूल्यवान वर्ष समर्पित किए हैं। इस विशेष अवसर पर, हम न केवल अपने संगठन की उपलब्धियों का उत्सव मनाते हैं, अपितु आप सभी के उल्लेखनीय योगदान का भी उत्सव मनाते हैं जो बैंक की प्रगति यात्रा का एक अभिन्न अंग रहे हैं। आपकी प्रतिबद्धता, विशेषज्ञता और अनन्य निष्ठा ने बैंक की विरासत को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, और इसके लिए हम सदैव आपके आभारी हैं।

आपके पूरे कार्यकाल के दौरान बैंक के प्रति आपकी समर्पित सेवा के लिए कृतज्ञता और प्रशंसा के प्रतीक के रूप में हमें आपको यह सूचित करते हुए खुशी हो रही है कि बैंक ने भारत की स्वतंत्रता के 75 वर्ष पूरे होने और वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान बैंक के असाधारण प्रदर्शन के कारण 75 वर्ष की आयु पूरी करने वाले सभी स्टाफ पेंशनभोगियों और परिवार पेंशनभोगियों को "**एसबीआई सैल्यूट**" के तहत अनुग्रह राशि का भुगतान किया है।

मैं आपको आश्वस्त करता हूँ कि बैंक की कमान सुरक्षित हाथों में है और हमारा बैंक वर्ष-दर-वर्ष रिकॉर्ड तोड़ प्रदर्शन कर रहा है। वित्त वर्ष 2022-23 के दौरान, बैंक ने 50,000 करोड़ रुपये के शुद्ध लाभ (50,232 करोड़ रुपये) के मील का पत्थर पार कर लिया है, जो भारत में किसी भी बैंक द्वारा अर्जित अब तक का सबसे अधिक निवल लाभ है। हमें अपने संगठन पर गर्व है और हम एसबीआई का झंडा ऊंचा रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

एक बार फिर, मैं आपकी सेवा के लिए आभार व्यक्त करना चाहता हूँ और इस बैंक दिवस पर अपनी हार्दिक शुभकामनाएं देता हूं। आपके सेवानिवृत्ति के वर्ष संतुष्टिपूर्ण, अच्छे स्वास्थ्य और बैंक में अपने कार्यकाल के दौरान आपके द्वारा बनाई गई यादों को संजोने की खुशी से भरे हों।

सस्नेह,

(ओम प्रकाश मिश्र)
उप प्रबंध निदेशक (मानव संसाधन) एवं कॉरपोरेट विकास अधिकारी